एक नजर में

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया माल्यार्पण



**पानसेमल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर बाबा साहब अम्बेडकर उद्यान में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि पाटिल ने बताया कि बाबा साहब हमारे देश के संविधान निर्माता हैं और सर्व समाज के हित को ध्यान में रखते हुए संविधान लिखा है। । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

## बाबा साहेब आंबेडकर जयंती मनाई



**पानसेमल।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। उपस्थितों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। वरिष्ठ शिक्षक संजय कुमार शिरोडे ने बताया कि बाबा साहब विद्वान और कर्मशील थे। देश में भाईचारा एवं मानवता के प्रवर्तक थे। देश के प्रथम मंत्रीमंडल में बाबा साहब कानून एवं न्याय मंत्री रहे और देश के हित में उत्कृष्ट कार्य किया। संस्था प्रभारी सरिता धार्वे ने कहा कि बाबा साहब ने न्याय, समानता और समरसता के मूल्यों को महत्व देकर राष्ट्र को बलवान एवं सशक्त बनाया। भारत रत्न डॉ बाबा साहब के समाज कल्याण के लिए किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी न्याय समानता और समरसता की विरासत हमें हमेशा प्रेरित करती रहेगी। कार्यक्रम में स्टॉफ उपस्थित रहा। वहीं सुधीर पाटिल ने आभार व्यक्त किया।

## बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**निवाली।** विश्व प्रसिद्ध भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय बस स्टैंड निवाली चौराहे पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिठाई का वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व नगरवासी उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब के द्वारा राष्ट्र निर्माण के लिए किए हुए कार्यों को बताया गया। निवाली प्रेस क्लब के सदस्यों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर फूल माला पहनाई। कार्यक्रम का संचालन डीआर शितोले ने किया एवं आभार मधुकर अहिरे ने माना।

## बाबा भीमराव अम्बेडकर जयंती पर भाजपा का दो दिवसीय आयोजन

**आलीराजपुर।** भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के महानायक बाबा भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलेभर में दो दिवसीय व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामाजिक समरसता, स्वच्छता एवं सेवा का संदेश देते हुए विविध गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत 13 अप्रैल को स्वच्छता अभियान के साथ हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इसके साथ ही बाबा साहब की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को स्मरण करते हुए समाज में समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया। दूसरे दिन, 14 अप्रैल को जयंती के मुख्य अवसर पर सांसद श्रीमती अनिता चौहान के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने सेवा बस्ती स्थित बाबा साहब प्रतिमा स्थल पहुंचकर कार्यक्रम आयोजित किए। यहां सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सेवा बस्ती के बच्चों के बीच बिस्किट वितरण किया गया, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने बाबा भीमराव अम्बेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा किए गए सामाजिक परिवर्तन के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान 卐बाबा साहब अमर रहें卐 के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और समर्पण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान सांसद अनिता चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी बाई खरत, जिला पंचायत सदस्य श्री भदू पचाया, जिला महामंत्री रिंकेश तंवर, मंत्री रितेश डावर, मंडल अध्यक्ष गिरिराज मोदी, महामंत्री राजेश गुप्ता, संदीप राही बलवंत वाघेला, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सेवा बस्ती पहुंचे। भाजपा द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम ने न केवल बाबा साहब के प्रति श्रद्धा प्रकट की.

## जीसीसी स्कूल ने कॅरियर के नए रास्ते खोले

इंदौर. जीसीसी स्कूल ने हाल ही में 'द एडुस्फेयर लीडरशिप मीट' का सफल आयोजन किया. यह एक स्पेशल राउंडटेबल सत्र था, जिसका मुख्य उद्देश्य उद्योग और शैक्षणिक जगत के बीच की दूरी को कम करना था. इस पहल का लक्ष्य कॉमर्स ग्रेजुएट्स के लिए प्रमुख बड़ी फर्मों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में करियर के सुरक्षित अवसर सुनिश्चित करना है. जीसीसी स्कूल के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) मनप्रीत सिंह मन्ना ने कहा जीसीसी स्कूल का हमारा उद्देश्य है कि नेशनल फाइनेंस एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से वाणिज्य के छात्रों को एईआईएपी जैसे कार्यक्रमों में प्रवेश दिलाकर उन्हें भविष्य के कुशल पेशेवरों में बदलना है. हम इंदौर और संपूर्ण मध्य प्रदेश क्षेत्र के छात्रों के लिए करियर में विकास की अपार संभावनाएं देखते हैं. केसी ग्लोबेड और जीसीसी स्कूल के एवीपी, सीपीए नितीश खत्री ने कहा उद्योग की बदलती मांगों के अनुरूप शैक्षणिक पाठ्यक्रम को ढालना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. तेजी से बदलते वित्तीय शिक्षा प्रणाली में छात्रों की सफलता के लिए व्यावहारिक शिक्षण और अंतरराष्ट्रीय अनुभव अनिवार्य हो गए हैं.

# गुड और बेड टच की दी जानकारी

**निवाली, (नवभारत)।** कस्तुरबा वनवासी कन्या छात्रावास में बालिकाओं के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। डॉ. अंबेडकर जयंती पर किया गया कार्यक्रम एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी राजपुर आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में निवाली पुलिस ने किया। थाना प्रभारी रामकृष्ण लोवंशी के नेतृत्व में पुलिस ने विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी।

बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच के बारे में बताया। साथ ही सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने व किसी भी तरह की असहज स्थिति में तुरंत विश्वसनीय व्यक्ति या पुलिस को सूचित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय, ऑनलाइन सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा अज्ञात कॉल/लिंक से सतर्क रहने के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी दी गई तथा किसी भी प्रकार के अत्याचार की स्थिति में निडर होकर शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया।



**समाज में सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा सतर्क...**

बड़वानी पुलिस द्वारा आमजनों, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। ताकि समाज में सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण हो सके।

# वनकर्मियों ने मौन रख अर्पित की श्रद्धांजलि

**पानसेमल, (नवभारत)।** वन परिक्षेत्र अधिकारी और कर्मचारी द्वारा मुरैना में वन कर्मी को रेत माफिया द्वारा कुचलकर मारने की घटना पर मृतक हरिकेश गुर्जर को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के वन मंडल मुरैना में पदस्थ वनकर्मी की अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन रोकथाम के लिए गश्त ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान रेत माफिया ट्रैक्टर चढ़ाकर फरार हो गए। इसमें वन कर्मी हरिकेश की मौत हो गई।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित**

वन विभाग परिसर में मृतक हरिकेश गुर्जर को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान रेंजर आरएस डावर, डिप्टी रेंजर राजू पाटील सहित वन रक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए चमका रहे शहर

**बड़वानी, (नवभारत)।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में बेहतर रैंक हासिल करने के लिए नगर पालिका इस बार नई रणनीति और नवाचारों के साथ काम कर रही है। शहर को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से न केवल सफाई व्यवस्था को दुरस्त किया जा रहा है। बल्कि सौंदर्यीकरण के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

नपा अधिकारियों के अनुसार पिछली बाद के बिंदुओं को बेहतर किया जा रहा है। जबकि जिन क्षेत्रों में कमी रही, वहां विशेष अभियान चलाया है। गंदी गलियों, सूनसान इलाकों और खाली प्लॉटों की सफाई को प्राथमिकता में रखा है। अतिरिक्त जेसीबी किराए पर लेकर सफाई कार्य को गति दी। इससे लंबे समय से जमा कचरे का निस्तारण संभव हो सका।



शहर की तस्वीर बदलने के लिए दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग बनाई जा रही हैं। कई स्थानों पर स्थानीय कलाकारों की मदद से दीवारों को जीवंत रूप दिया है, इससे नागरिकों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। नालों में कचरा जमा होने की समस्या से निपटने के लिए प्रमुख नालों के संकरे हिस्सों में लोहे की जालियां लगाई जा रही हैं।

नगर पालिका ने अपील की है कि वे कचरा इधर-उधर न फैलाएं और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस बार बेहतर रैंक प्राप्त करने का लक्ष्य तय किया गया है और इसके लिए पूरा अमला जुटा हुआ है। यदि ये प्रयास सफल रहे, तो पन्ना स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बना सकता है। इससे पर्यटक भी प्रभावित होंगे।

# बाबा साहेब के जीवन के बारे में बताया

▶ शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया आयोजन



**बड़वानी, (नवभारत)।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं. 1 में 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विचार संगोष्ठी एवं जिला स्तरीय संकल्प से समाधान अभियान का शिविर आयोजित किया। आयोजन में छात्र-छात्राओं ने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर विचार व्यक्त किए तथा काव्य पाठ की प्रस्तुति दी।

कई ग्राम पंचायतों से 12 जनवरी से 31 मार्च की अवधि में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के बाद पेंशन प्रकरणों के स्वीकृति पत्र, संबल 2.0 योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता स्वीकृति पत्र तथा नपा ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के ऋण स्वीकृति पत्र हितग्राहियों को दिए।

कार्यक्रम में पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्हें कानून मंत्री व संविधान मसौदा समिति अध्यक्ष के रूप में संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान से अवगत कराया।

विधायक राजन मंडलोई ने बाबा साहब की बहुमुखी प्रतिभा का उल्लेख करते हुए उनके द्वारा बनाए गए श्रम कानूनों एवं हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के प्रयासों की सराहना की।

कलेक्टर जयति सिंह, जिपं सीईओ काजल जावला, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जीएस डामोर, उपाध्यक्ष सुमन देवी वर्मा, पार्षद शंकर कुशवाह एवं मोहन बामनिया, मोतीलाल काग, सीएमओ सोनाली शर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य अनिल मिश्र व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश गोयल ने किया तथा आभार जीएस डामोर ने माना।

# बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर पेटलावद में प्रतिभाओं का सम्मान

*निकली भव्य वाहन रैली—सेवानिवृत्त कर्मियों का भी अभिनंदन*



**पेटलावद। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर पेटलावद नगर में भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ आंबेडकर समरसता समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित इस समारोह में प्रतिभा सम्मान, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का अभिनंदन एवं विशाल वाहन रैली जैसे विविध आयोजन आकर्षण का केंद्र रहे।**

कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर बस्ती स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम आईएएस तनुश्री मीणा की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष ललित योगेश गामड़, जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी, विधायक प्रतिनिधि हेमंत भट्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कहार, समिति अध्यक्ष नेमलाल मेहसन, अज़ाक्स जिलाध्यक्ष कैलाश वसुनिया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनोहरलाल भटेवरा, सेवानिवृत शिक्षक ओंकार सिंह मेडा सहित मंचासीन रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्ष, सामाजिक समता के लिए किए गए प्रयासों एवं उनके विचारों पर विस्तृत प्रकाश डाला। सभी ने एक स्वर में उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

समारोह में शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। साथ ही कक्षा 5वीं, 8वीं, 10 वी एवं 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम में प्रशासनिक दल की भी विशेष उपस्थिति रही, जिसमें बीईओ ओझा जी, परियोजना अधिकारी तिवारी जी, सीएम राइज प्राचार्य चौहान सर, कन्या शाला प्राचार्य योगेंद्र प्रसाद, अधीक्षक शंकरलाल मेहसन, नानूराम गामड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, हिंदू जागरण मंच, विश्व हिंदू परिषद, भीम आर्मी सहित आसपास के क्षेत्रों रायपुरिया, बामनिया, सारंगी आदि से बड़ी संख्या में भीम अनुयायी एवं नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में समिति के सचिव मुकेश सिसोदिया, विनोद परमार, भेरूलाल पडियार, ओपी मालवीय, प्रेम मालवीय, राहुल अटकान, जितेंद्र जाटव आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के उपाध्यक्ष एडवोकेट राजेश यादव द्वारा किया गया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन जगदीश जाटव ने किया। समारोह के उपरांत नगर में भव्य वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा नगर बाबा साहेब के जयघोष से गूंज उठा, जिससे माहौल पूरी तरह श्रद्धा, सम्मान और उत्साह से भर गया।

## कलाकारों ने बैसाखी पर एकजुटता का उत्सव मनाया

इंदौर. कलर्स के लाफ्टर शेफ़्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट से करण कुंद्रा ने कहा, मेरे लिए बैसाखी हमेशा पंजाब में बिताए बचपन की यादें ताज़ा कर देती है- परिवार के साथ रहना, अच्छा खाना खाना और मिलकर संगीत का मज़ा लेना. यह नएपन की भावना का प्रतीक है; यह समय है मौकों को पकड़ने और मेहनत के फल का जश्न मनाने का. इस साल लाफ्टर शेफ़्स के सेट पर बैसाखी मनाना बेहद मज़ेदार रहा. ढोलक की थाप ने शुरुआत की और पंजाबी बोलियाँ एक-दूसरे को मज़ाक में छेड़ने का ज़रिया बनीं. तू जूलियट जट्ट दी से जसमीत कौर ने कहा पंजाबी परिवार से होने के नाते हमारे यहाँ कोई भी त्योहार 'लो-की' नहीं होता, सब दिल से और पूरी ऊर्जा के साथ मनाया जाता है. इस बार की बैसाखी मेरे लिए और भी खास है क्योंकि मैं इसे सेट पर सबके साथ मना रही हूँ. और चंडीगढ़ में शूटिंग होने की वजह से ऐसा लगता है जैसे मैं घर के ही पास हूँ. महादेव एंड सन्स से नेहा राणा ने कहा बैसाखी मेरे लिए हमेशा नई शुरुआत का एहसास लेकर आती है. यह समय होता है पॉज़िटिविटी और साथपन का. मेरे लिए यह त्योहार सादगी बनाए रखने और आभार व अपनापन थामे रखने का है.

## अमरनाथ यात्रा : मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए रातभर लग रही कतारें

▶ दो डॉक्टरों के भरोसे पूरी व्यवस्था, महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** 29 जून से शुरू होने वाली श्रीअमरनाथ यात्रा को लेकर शहर में बाबा बर्फानी के भक्तों में भारी उत्साह है, लेकिन यात्रा के लिए मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट बनवाने की अव्यवस्था ने श्रद्धालुओं को परेशान कर दिया है. हालात यह हैं कि अस्पताल की खिड़की खुलने से 10 घंटे पहले ही लोग लाइन में लगने को मजबूर हैं.

जिला अस्पताल और अन्य निर्धारित केंद्रों पर भीड़ बेकाबू हो रही है. दूरदराज और ग्रामीण इलाकों से आए श्रद्धालु रात 11 बजे से ही अस्पताल परिसर में डेरा डाल रहे हैं. खुले आसमान के नीचे रात गुजारने के बाद सुबह 3 बजे तक गलियारे खचाखच भर जाते हैं. अव्यवस्था का सबसे ज्यादा असर महिला श्रद्धालुओं पर दिख रहा है. घंटों लंबी कतार में खड़े रहने के कारण कई महिलाएं लाइन में ही नाश्ता करने को मजबूर हैं. थकान और भीड़ के कारण सुबह खिड़की खुलने से पहले ही धक्का मुक्की और विवाद की स्थिति बन रही है.

**सर्टिफिकेट में देरी के कारण अटक रहा यात्रा पंजीयन भी**

हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने के बावजूद प्रशासन ने केवल दो डॉक्टरों की ही ड्यूटी लगाई है, जिससे मेडिकल प्रक्रिया बेहद धीमी चल रही है. श्रद्धालु मनोज बोगारा का कहना है कि यात्रा को सुगम बनाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन इंदौर जैसे बड़े शहर में बुनियादी व्यवस्थाएं तक नाकाफी हैं. मेडिकल सर्टिफिकेट में देरी के कारण यात्रा पंजीयन भी अटक रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है. वहीं सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसानी का कहना है कि शुरुआत में कुछ तकलीफ आती है, जल्द ही इसे भी दूर किया जाएगा.

एक नजर में ▶ अंबेडकर जयंती पर अनूठी पहल

# 193 देशों के प्रतीकों से सजेगी 72 फीट की पीतल पट्ट


**नवभारत न्यूज**

**इंदौर/महू. डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली से 72 फीट लंबी और 5 इंच चौड़ी विशेष पीतल पट्ट का विमोचन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य देश ही नहीं बल्कि विश्व शांति का संदेश देना है.**

यह पहल थावरचंद गहलोत वर्तमान कर्नाटक के राज्यपाल की प्रेरणा से की जा रही है. इस पीतल पट्ट पर सर्वे भवन्तु: सुखिन: का संदेश प्रमुख रूप से अंकित किया जाएगा, साथ ही विश्व के 193 देशों के प्रतीक चिन्ह उकेरे जाएंगे, जिससे वैश्विक एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित हो सके.

इस कलात्मक और तकनीकी रूप से विशेष निर्माण कार्य को लोकेश राजेश मंगल द्वारा अंजाम दिया गया है, जो पहले भी पीतल पर विभिन्न प्रकार की उत्कृष्ट कारीगरी कर चुके हैं, जिनमें पीतल की वाल्मीकि रामायण बनाने का कार्य भी शामिल हैं. 48 गज पतली पीतल शीट पर अत्यंत सूक्ष्मता से यह काम किया गया है. इस कार्य की एक खास विशेषता यह भी है कि 72 फीट लंबी इस पीतल पट्ट का वजन लगभग 1 किलोग्राम बताया जा रहा है, जो इसे तकनीकी दृष्टि से बेहद अनोखा बनाता है. इसे तैयार करने में अत्यधिक सावधानी बरती गई और पट्ट को काटने में लगभग 3 घंटे 10 मिनट का समय लगा.





**▶ प्रतीकात्मक 10-10 रुपए एकत्र किए**

इस निर्माण के लिए 80 वकीलों से प्रतीकात्मक रूप से 10-10 रुपये एकत्र किए गए. निर्माणकर्ता लोकेश राजेश मंगल का कहना है कि वे स्वयं भी पूरा खर्च उठा सकते थे, लेकिन अलग-अलग लोगों से ली गई यह राशि केवल आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि उनके समर्पण और सहभागिता का प्रतीक है. यह पीतल पट्ट 13 अप्रैल 2026 को तैयार किया जाएगा और इसका औपचारिक विमोचन अंबेडकर जयंती के अवसर पर किया जाएगा। यह पहल न केवल बाबा साहेब के विचारों को सम्मान देने का प्रयास है, बल्कि मानवता, समानता और विश्व शांति का सशक्त संदेश भी प्रस्तुत करती है।